विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के प्रथम शुकवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–7 का उत्तर।

प्रश्न	उत्तर
7 (क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में प्राच्य भाषा संस्कृत विद्यालयों में कुल कितने शिक्षकों के कितने पद सृजित है, तथा सृजित पदों के सापेक्ष कितने शिक्षक नियुक्त हैं एवं कितने पद कब से रिक्त चल रहे हैं?	प्रदेश में संचालित राजकीय/सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों में कुल 2080 शिक्षकों के पद सृजित हैं तथा सृजित पदों के सापेक्ष 955 शिक्षक नियुक्त/कार्यरत हैं। शिक्षकों के अधिवर्षता आयु आदि पूर्ण करने के उपरान्त 1125 पद रिक्त चल रहे हैं।
(ख) इसके क्या कारण हैं?	सेवानिवृत्ति से फलित रिक्ति के कारण।
(ग) उक्त संस्कृत विद्यालयों में रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति कब तक करायेंगे?	संस्कृत विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु शासन प्रतिबद्ध है। वर्तमान में 1010 मानदेय शिक्षकों से शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश में संचालित अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में प्रधानाचार्य/अध्यापकों की नियुक्ति प्रकिया प्रारम्भ किये जाने हेतु निदेशालय के पत्रांक– सामान्य(2) विस्तार/10876/2024–25 दिनांक 12.11.2024 एवं पत्रांक–सामान्य(2) विस्तार/15154/2024–25 दिनांक 27.01.2025 द्वारा प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है, जो शासन स्तर पर परीक्षणाधीन है।

गुलाब देवी
माध्यमिक शिक्षा मंत्री।